# श्रीगंगानगर में स्कूल बंद-परीक्षाएं रद्द, बॉर्डर इलाके के गांवों में ब्लैक आउट



बीकानेर में नाल थाने पर एयर स्ट्राइक की मॉकड्रिल में तैयारियों को आई.जी. ओमप्रकाश पासवान, एडिशनल एसपी कैलाश चंद्र सांदू और एडीएम रामावतार कुमावत ने परखा।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के बीच बढ़ी तनातनी के चलते बुधवार देर रात पाकिस्तान में हुई एयर स्ट्राइक के चलते जिले में हाई अलर्ट है। ऐसे में देर रात चले इस एयर स्ट्राइक के बाद श्रीगंगानगर के बॉर्डर इलाके में रात भर बिजली बंद रही। बॉर्डर इलाके के गांव हाई अलर्ट के बाद से ब्लैक आउट की स्थिति में रहे।

वहीं श्रीगंगानगर में जिला प्रशासन की ओर से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसको लेकर प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी है। जिले में हाई अलर्ट जारी किया गया है। जिला कलेक्टर ने तमाम विभागों के अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश देते हुए छुट्टियां रद्द कर दी है। जिले भर के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में अवकाश जारी कर दिया गया है। जिले में होने वाली परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है।

वहीं अनूपगढ़ में भी सुरक्षा कारणों से जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। सीबीईओ पंकज जांगिड़ ने सभी स्कूलों को आदेशों की पालना के निर्देश दिए हैं। स्कूलों में चल रही परीक्षाएं भी स्थगित कर दी गई हैं। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गिरजेश कांत शर्मा ने बताया कि सभी स्कूल आगामी आदेशों तक बंद रहेंगे। प्रशासन ने ये कदम छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया है। इससे संवेदनशील माहौल में अफवाहों और अफरा-तफरी से बचा जा सकेगा। प्रशासन ने आम जनता से भी अफवाहों से बचने की अपील की है। एयर स्ट्राइक की खबर के बाद क्षेत्र में देशभक्ति की भावना देखी जा रही है। मुख्य बाजार में गतिविधियां सामान्य हैं। लोग सेना के साहस और केन्द्र सरकार की सराहना कर रहे हैं।

**बीकानेर में मॉकड्रिल :** बीकानेर में भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट स्थित नाल थाने पर आज एयर स्ट्राइक की मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। ठीक चार बजे काल्पनिक एयर स्ट्राइक की सूचना दी गई, जिसमें थाने में आग लगने की स्थिति बताई गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाडियां मौके पर पहुंची। इससे पहले थाना स्टाफ ने घायल पुलिसकर्मियों को प्राथमिक चिकित्सा दी और चार घायलों को एम्बुलेंस से कोठरी अस्पताल भेजा गया।

मॉकड्रिल के दौरान संभागीय आयुक्त रवि कुमार सुरपुर के निरीक्षण में कई महत्वपूर्ण कमियां सामने आई। मॉकड्रिल के दौरान आईजी ओमप्रकाश पासवान, एडिशनल एसपी कैलाश चंद्र सांदू और एडीएम रामावतार कुमावत भी मौजूद थे। इस मॉकड्रिल से सामने आई कमियों ने सुरक्षा व्यवस्था में तत्काल सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

**सूरतगढ़ में मॉकड्रिल :** पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सेना की ओर से की गई मिसाइल स्ट्राइक के बाद सूरतगढ़ के युवाओं में जोश दिखाई दिया। बीती रात हुई एकाएक इस कार्रवाई के बाद बुधवार को पुलिस प्रशासन में भी हलचल देखी गई। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है। इसे लेकर उपखंड कार्यालय में एसडीएम संदीप कुमार काकड़ की अध्यक्षता में करीब 3 घंटे तक मैराथन बैठक भी की गई। जिसमें सर्किल के पुलिस अधिकारियों सहित सरकारी महकमों के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

- **बुधवार देर रात भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान में आतंकी कैम्पों पर की गई एयर स्ट्राइक के चलते जिले में हाई अलर्ट**

इस बैठक में मॉकड्रिल और ब्लैक आउट को लेकर चर्चा करने के साथ ही संबंधित विभागों को जिम्मेदारी दी गई। उनसे तैयारियों की जानकारी ली गई। वहीं सिविल डिफेंस ऑफिस में नागरिक सुरक्षा दल के कार्मिकों और वालंटियरों ने नगर पालिका के सफाई कर्मियों सहित एनसीसी कैडेट्स को मॉकड्रिल के दौरान किए जाने वाले क्रियाकलापों के बारे में जानकारी दी। नागरिक सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक सूरतगढ़ में रेलवे विभाग को छोड़कर पांच स्थानों पर हूटर लगे है। इनमें नगर पालिका कार्यालय, विद्युत विभाग कार्यालय, जलदाय विभाग के कार्यालय, बस स्टैंड परिसर और सिविल डिफेंस पर यह उपकरण स्थापित है। इन सभी को दो दिनों से लगातार चैक किया जा रहा है और जो भी खामी है उसे सुधार लिया गया है। गृह रक्षा दल के कार्मिक भी मॉकड्रिल में हिस्सा लेने के लिए तैयारी में जुट गए हैं। हालांकि अधिकारियों ने मॉकड्रिल के समय और स्थान की जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया।

## रोडवेज बस की डिग्गी से 17 कॉर्टन जब्त

**बीकानेर,** (कासं)। बिना वैध बिल और गाइडलाइन के खिलाफ सामान ढोने का मामला मामने आया। जब बीकानेर-जयपुर रोडवेज बस की डिग्गी से 17 संदिग्ध कार्टन बरामद किए गए। बीकानेर आगार प्रशासन अब बुधवार को इनका भौतिक सत्यापन कर सामान व बिल की जांच करेगा।

कार्टन में कृषि से संबंधित रसायन जैसे पेस्टिसाइड्स या खाद्य उत्पाद होने की संभावना जताई जा रही है। मुख्य प्रबंधक इंदिरा गोदारा ने बताया कि नियमित जांच के दौरान यह कार्टन बस की डिग्गी में पाए गए। कार्टनों के साथ न तो स्पष्ट बिल उपलब्ध थे और न ही माल भेजने या मंगाने वालों की सही जानकारी थी।

अगर जांच में यह साबित होता है कि यह माल गैर कानूनी ढंग से या बिना बिल के भेजा गया है, तो संबंधित ठेकेदार या चालक-परिचालक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। साथ ही संबंधित विभागों जैसे वाणिज्यिक कर या कृषि विभाग को भी जांच में शामिल किया जा सकता है। यह घटना एक बार फिर रोडवेज बसों की निगरानी व्यवस्था और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर सवाल खड़े करती है। यदि नियमित निरीक्षण नहीं होता तो यह मामला दबा रह सकता था। ऐसे में रोडवेज प्रशासन को डिग्गी की लोडिंग प्रक्रिया को सख्ती से लागू करने और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करनी चाहिए। बता दें बीकानेर आगार की रोडवेज बसों में लम्बे अर्से बाद इस प्रकार की कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। इंदिरा गोदारा ने बताया कि रोडवेज की यात्री बसों में डिग्गी में माल रखने को लेकर स्पष्ट गाइडलाइन है।

## सार-समाचार

### स्क्रैच कूपन से ठगी करते दबोचा



फर्जी लॉटरी स्कीम चलाकर लोगों को स्क्रैच कूपन से ठगने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**अनूपगढ़,** (कासं)। पुलिस ने फर्जी लॉटरी स्कीम चलाकर लोगों को ठगने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी चक 19 एपीडी के पास लोगों को 100 रूपए के स्क्रैच कूपन बेच रहे थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान उत्तरप्रदेश के बागपत जिले के रहने वाले सागर राठी और सचिन कुमार के रूप में हुई है। बांडा कॉलोनी चौकी प्रभारी एएसआई कालूराम मीणा को मुखबिर से सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार किया। एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि आजकल कई लोग ऑनलाइन और ऑफलाइन तरीके से लक्की ड्रा के नाम पर लोगों को ठग रहे हैं। आरोपी छोटे सामान के लिए 100 रूपए और बड़े उपहार के लिए 1500 रूपए प्रति कूपन वसूल रहे थे। पुलिस ने जब इन कूपनों के लिए लाइसेंस और अनुमति पत्र मांगे तो आरोपी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। पुलिस ने दोनों को लॉटरी विनियम अधिनियम 1998 की धारा 7(3) और बीएनएस 2023 की धारा 318(4) के तहत गिरफ्तार कर सभी स्क्रैच कार्ड जब्त कर लिए हैं। एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि ये लोग बिना लाइसेंस के महंगा सामान मात्र 100 के लकी ड्रा कूपन पर देने का दावा कर रहे थे। जिससे लोग लालच में आकर इससे कूपन खरीद लेते हैं परंतु बाद में अन्य राज्यों से आये लोग रातों-रात आमजन से लिए पैसे लेकर फरार हो जाते हैं। गौरतलब है कि थानाधिकारी ने अपने पूर्व कार्यकाल में भी इसी प्रकार के एक फर्जी लॉटरी कूपन बेचने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

### दिन में रैकी कर रात में करता चोरी



श्रीविजयनगर और रामसिंहपुर में चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया।

**अनूपगढ़,** (कासं)। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुखदेव सिंह उर्फ बग्गी 14 के अनूपगढ़ का रहने वाला है। एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने श्रीविजयनगर और रामसिंहपुर में घरों के ताले तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया। हालांकि उसने अनूपगढ़ में किसी भी चोरी की वारदात से इनकार किया। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी की कार्यप्रणाली बेहद सुनियोजित थी। वो दिन के समय बंद पड़े घरों की रैकी करता और फिर मौका मिलते ही चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपी को श्रीविजयनगर पुलिस के हवाले कर दिया है। एसएचओ ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ती चोरियों को देखते हुए पुलिस सक्रिय है। बाइक चोर और घरों में चोरी करने वाले अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।

### नाला व टूटी दीवार बनाने की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। वार्ड नं.67 नगर निगम भंडार स्थित गत एक वर्ष से अधिक समय से अधूरे छोड़े गंदे नाले निर्माण का कार्य पूरा नहीं हुआ है। नाले के समीप से लेकर अंतिम छोर के वाल्मीकि समाज के रह रहे निवासी नारकीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। अब इस गंदे नाले के रिसाव ने विनोबा स्टेडियम की एक तरफ की दीवार जो सवा सौ फीट लम्बी है को लील लिया हैं। यह जानकारी भारतीय वाल्मीकि नवयुवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वाल्मीकि मुकेश राजस्थानी ने दी। राजस्थानी ने बताया कि विनोबा स्टेडियम की दीवार रात्रि में गिर जाने से कोई दुर्घटना व जनहानि नहीं हुई है अन्यथा बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। संगठन ने इसे गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय लोकसभा सांसद केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, पूर्व विधान सभा सदस्य सिद्धिकुमारी व जिला, न्यास व निगम प्रशासन से विनोबा स्टेडियम के रखरखाव के अभाव व अधूरे छोड़े गंदे नाले के पानी के रिसाव से टूटी दीवार का अविलम्ब निर्माण कराया जाये। विनोबा बस्ती निवासी सामाजिक कार्यकर्ता श्रमिक नेता राकेश सियोता व अनूप जावा ने बताया कि विनोबा स्टेडियम के समीप उनका निवास हैं। गंदे नाले के जमा पानी से उनके मकान क्षतिग्रस्त हैं। साथ ही जमा पानी के रिसाव व रखरखाव के अभाव में दुर्दशा हो रही हैं। समय रहते अधूरे छोड़े नाले का निर्माण व स्टेडियम की सभी जीर्ण-शीर्ण दीवारों का रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया तो किसी भी समय बहुत बड़ा हादसा हो सकता है। मुकेश राजस्थानी ने अधूरे छोड़े गंदे पानी के नाले व स्टेडियम की रखरखाव के तहत टूटी दीवार का तुरंत निर्माण कराने की मांग की है।

### टेल एरिया तक पानी पहुंचाने की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ के नेतृत्व में शिष्टमंडल जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश पुरोहित से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष छाजेड़ ने कहा कि बीकानेर शहर में जल टैंकर आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे तथा टेल एरिया में भी विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही बीकानेर में विजिलेंस टीम को भी सक्रिय कार्य किए जाने संबंधी प्रयास किए जाने चाहिए। भाजपा शिष्टमंडल में कौशल शर्मा, अजय खत्री, जेठमल नाहटा, विनोद करोल, मुकेश सैनी गजेंद्र सिंह, हरिकांत शर्मा आदि शामिल थे।

# गैस सिलेंडर दुखांतिका के पीड़ितों को मुआवजा दें : बी. डी. कल्ला

**बीकानेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ बी.डी. कल्ला ने बीकानेर के कोतवाली थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने से हुई दुखांतिका में पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए राज्य सरकार व प्रशासन से मांग कि है कि पीड़ितों को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही घायलों को हरसंभव सहायता दिलाई जाए।

बी. डी. कल्ला ने मुख्य सचिव सुधांशु पंत से वार्ता कर समस्त घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी और उनसे मांग की है कि मृतक व्यक्तियों के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाया जाए। घायलों को निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाए। डॉ. कल्ला ने जिला कलेक्टर से भी वार्ता कर तत्परता के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया और मुआवजे व इलाज के संदर्भ में समुचित कार्रवाई करने का आग्रह किया।

- **बी. डी. कल्ला ने मुख्य सचिव सुधांशु पंत से वार्ता कर समस्त घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी**

कल्ला ने जयपुर प्रवास पर होने के कारण अपने परिजनों व कार्यकर्ताओं को घटनास्थल पर भेज कर मदद करने के निर्देश दिये। कल्ला के निर्देश पर सेवादल के कमल कल्ला, दिनेश जोशी अपनी टीम सहित घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों की मदद की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के जितेन्द्र खत्री, कैलाश उपाध्याय, गोवर्धन मीणा, मुकेश उपाध्याय व मुख्तियार टैक्सी ड्राइवर ने अपनी जान की परवाह न करते हुए घायलों की मदद की।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमित कोचर एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल जादुसंगत ने सीटी कोतवाली क्षेत्र में हुए गैस सिलेंडर विस्फोट की हृदय विदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस दुखद हादसे में कई लोगों की आकस्मिक मृत्यु एवं अनेक लोगों के घायल होने का अत्यंत दुख है।

हम इस पीड़ादायक घटना पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। कांग्रेस शहर जिला महासचिव राहुल जादुसंगत ने कहा कि बीकानेर जिला प्रशासन से मांग की कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सख्त और प्रभावी कदम तत्काल उठाए जाएं।

## देश की सेना को बधाई दी

**बीकानेर,**(कासं)। मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय सचिव एन. डी. कादरी के कहा कि देश की सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ विंग कमांडर व्योमिका सिंह जैसी देश की बहादुर बेटियां भी हिस्सा ले रही हैं। इससे अच्छी और गर्व की बात देश के लिए क्या हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के लाहौर में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है।

सिंदूर ऑपरेशन में 12 आंतकी मारे गए है अभी तक और 55 आंतकी घायल होने की सूचना मिल रही है जो पहलगांव हमले के बदले के रूप में देखा जा सकता है। कोई भी दुश्मन देश दुबारा इस तरह के हमले करने का दुस्साहस नहीं कर सकेगा।

जानकारी के अनुसार रात को ही हाफिज सईद के कई आतंकी ठिकाने उड़ा दिए गए। मुस्लिम महासभा में जश्न का माहौल मुस्लिम महासभा की सभी ईकाईयों ने जगह-जगह आतिशबाजी करते हुए भारत जिंदाबाद के नारे लगाए।

# शादी समारोह में परोसे खाने से लोग बीमार

**बीकानेर,** (कासं)। यहां प्रतिष्ठित रिसोर्ट में हुए शादी समारोह में परोसे गए खाने से कई लोग बीमार हो गए। आरोप है कि खाने में एक्सपायरी सामग्री का इस्तेमाल किया गया। दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीडित परिवार ने इस मामले में रसद विभाग के खाद्य निरीक्षक को शिकायत सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। बीकानेर निवासी संदीप चांडक द्वारा खाद्य निरीक्षक कार्यालय, सीएमएचओ बीकानेर को एक लिखित शिकायत सौंपी गई है, जिसमें बताया गया है कि उन्होंने 5 मई की शाम को गुसाईसर स्थित एक रिसोर्ट में अपनी शादी का आयोजन किया था। समारोह के बाद जब कुछ मेहमानों की तबीयत बिगड़ने लगी तो स्थिति की जांच की गई। जांच में सामने आया कि भोजन निर्माण में जिन खाद्य सामग्री का उपयोग किया गया था, वे सभी एक्सपायरी थी। इस लापरवाही के चलते कई रिश्तेदारों को उल्टी-दस्त, पेट दर्द और कमजोरी की शिकायत हुई। इनमें से दो लोगों की हालत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है।

- **जांच में सामने आया कि भोजन निर्माण में जिन खाद्य सामग्री का उपयोग किया गया था, वे सभी एक्सपायरी थी**

शिकायतकर्ता संदीप चांडक ने पत्र में लिखा कि खाद्य मिलावट और एक्सपायरी सामान के उपयोग से आमजन की सेहत के साथ खिलवाड़ हुआ है।

# ए.सी. बस फिर खराब, किराया लौटाया

**बीकानेर,** (कासं)। यहां आगार से संचालित रोडवेज की वातानुकूलित बसें इन दिनों यात्रियों के लिए राहत की बजाय परेशानी का कारण बन रही है। बीकानेर से जयपुर के लिए रवाना होने वाली 4:30 बजे की एसी बस तकनीकी खराबी के चलते ब्रेकडाउन हो गई, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा झेलनी पड़ी।

बीकानेर आगार की मुख्य प्रबंधक इंदिरा गोदारा ने बताया कि बस के ब्रेकडाउन होने की सूचना मिलने के बाद तुरंत बस संचालन को रद्द कर दिया गया। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए कुछ यात्रियों को किराया लौटाया गया। जबकि शेष को आधे घंटे बाद रवाना होने वाली सुपरफास्ट बस में स्थानांतरित किया गया।

- **रोडवेज की अनुबंधित बसों पर उठ रहे सवाल**

बार-बार बसों के ब्रेकडाउन की घटनाएं न केवल यात्रियों की परेशानी बढ़ा रही हैं बल्कि रोडवेज की साख को भी नुकसान पहुंचा रही हैं। ऐसे में आवश्यक है कि रोडवेज प्रशासन इन अनुबंधित बसों की दोबारा तकनीकी जांच करवाए और खराब प्रदर्शन करने वाले ठेकेदारों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करे। इसके अलावा, भविष्य में अनुबंधित बसों की चयन प्रक्रिया को गुणवत्ता आधारित बनाया जाना चाहिए ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा मिल सके।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**बीकानेर,** (कासं)। एसडीएम राजकीय जिला अस्पताल में बुधवार को कैंसर रोग की पहचान, जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीमों द्वारा रोगियों की जांच की गई एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध करवाते हुए लोगों को गैर संचारी रोगों के लक्षणों एवं बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। शिविर में डॉ. बी. के. तिवाड़ी, डॉ. राजश्री चालिया, डॉ. इन्दु दायमा सहित अन्य चिकित्सकों ने शिविर में अपनी सेवाएं दी।

शिविर में मुख्यतया पुरूषों के मुंह, फेफड़े, ग्रासनली और अमाशय के कैंसर तथा स्त्रियों के गर्भाशय, स्तन और मुंह कैंसर से संबंधित समस्त जांच की गई। शिविर में आवश्यक बचाव एवं उपचार के बारे में बताया गया।

# सभी पंचायतों में जल्द बनेगी ग्राम सेवा सहकारी समितियां

**बीकानेर,** (कासं)। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बीकानेर जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिला सहकारी विकास समिति की बैठक में सीईओ जिला परिषद सोहनलाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवा सहकारी समितियों (जीएसएस) का गठन समयबद्ध रूप से किया जाए।

वर्तमान में 82 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं, जहां अभी तक जीएसएस नहीं बनी हैं। इन पंचायतों में अगले दो महीनों में समितियों के गठन का लक्ष्य रखा गया है। इन निर्णयों पर भी चर्चा हुई। 47 भूमि विहीन जीएसएस को शीघ्र भूमि आवंटन की कार्रवाई। चयनित जीएसएस को जन औषधि केंद्र के रूप में विकसित कर सस्ती दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करना। जीएसएस को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र के रूप में अपग्रेड करना। नाबार्ड के सहयोग से 260 सहकारी समितियों से माइक्रो एटीएम के प्रस्ताव आमंत्रित करना। नापासर और महाजन में सीसीबी बैंक शाखाएं खोलने की योजना। राजीविका सीएलएफ के खाते केन्द्रीय सहकारी बैंक में खोलने के निर्देश दिए। बैठक में सहकारी समितियों के उप रजिस्ट्रार कैलाश चंद सैनी, नाबार्ड डीडीएम रमेश तांबिया, डेयरी एमडी बाबूलाल बिश्नोई और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। यह भी निर्णय लिया गया कि जिन जीएसएस पर कॉमन सर्विस सेंटर पहले से संचालित हैं, वहां सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के समन्वय से ई-मित्र केन्द्र भी शुरू किए जायेंगे।

- **वर्तमान में 82 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जहां अभी तक जीएसएस नहीं बनी हैं**
- **इन पंचायतों में अगले दो महीनों में समितियों का गठन होगा**

# सिंचाई पानी के लिए जल संसाधन अधिकारियों का पौंग बांध क्षेत्र का भ्रमण



श्रीगंगानगर में सिंचाई पानी के लिए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने पौंग बांध क्षेत्र का भ्रमण कर वहां चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगनहर में सिंचाई हेतु पानी की आपूर्ति के संबंध में अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत श्रीगंगानगर एवं शिवचरण रेगर, अधीक्षण अभियंता कार्यालय मुख्य अभियंता जल संसाधन उत्तर हनुमानगढ़ द्वारा पौंग बांध क्षेत्र का भ्रमण किया गया तथा वहां चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया।

जल संसाधन वृत के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि भ्रमण के दौरान पंजाब के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता भी उपस्थित रहे। पौंग बांध में टनल के नीचे कार्य द्रुत गति से चल रहा था। कार्य पर लगभग 165 श्रमिक कार्यरत थे। निरीक्षण के उपरांत संबंधित अधीक्षण अभियंता के साथ बैठक की गई। बैठक में यह चर्चा की गई कि बांध के लेवल को और कितना नीचे लिया जा सकता है ताकि गंगनहर क्षेत्र के काश्तकारों को फसल बिजान हेतु पानी उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जो लेवल चल रहा है। उसको नीचा किया जाना संभव नहीं है। क्योंकि बल्क हैड लगाने और हटाने के लिए यह लेवल जरूरी है। पौंग बांध क्षेत्र में मानसून 10 जुलाई के आसपास आता है। जैसे ही कार्य समाप्त होगा तो उसके बाद बांध के लेवल को नीचा करके पानी उपलब्ध करवाना संभव हो पायेगा। उन्होंने बताया कि पंजाब सिंचाई अधिकारियों से कार्यों को जल्दी से जल्दी पूर्ण करवाने का निवेदन किया ताकि कार्य खत्म होते ही बांध का लेवल नीचा कर पर्याप्त पानी प्राप्त हो सके। पंजाब के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि ज्यादा से ज्यादा लेबर लगाकर कार्य को पूर्ण करवाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

- **बैठक में चर्चा की गई कि बांध के लेवल को और कितना नीचे लिया जा सकता है ताकि गंगनहर क्षेत्र के काश्तकारों को पानी मिल सके**

## 30 हजार रूपये प्रतिमाह देने के आदेश

**बीकानेर,** (कासं)। एक युवक ने महिला से शादी की और उसके 13 दिन बाद उसे छोड़कर पुर्तगाल चला गया और वापस नहीं लौटा।

ससुराल वालों ने भी महिला को रखने से मना कर दिया। पारिवारिक न्यायालय के पीठासीन अधिकारी डॉ. सत्यपाल वर्मा ने महिला को भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह 30,000 रूपए उसके खाते में जमा कराने के आदेश दिए हैं। रानीबाजार इंडस्ट्रियल एरिया निवासी शालू सोलंकी की ओर से पारिवारिक न्यायालय में परिवाद पेश किया गया था जिसमें बताया गया कि 15 जुलाई, 2024 को उसकी शादी नत्थूसर बास के मालियों का मोहल्ला निवासी महादेव सोलंकी हुई थी। वह प्राईवेट ऑटो मोबाइल कंपनी में नौकरी करती है और शादी के लिए लोन लेकर कपड़े, नकदी-जेवरात का इंतजाम किया। शादी की पहली रात को पति ने उससे झगड़ा कर लिया और उसे छोड़कर पुर्तगाल चला गया।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2025/3936 — **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** — दिनांक : 07-05-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गेवल कुमार पुत्र श्री भीमसेन म.न. 95 ए ब्लॉक, पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 54 किला नं. 07 भूखण्ड संख्या बी-23 माप 21.6 इन्दू 50 फीट सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 1665 दिनांक 12.02.2002 को श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री गेवल कुमार द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 18.04.2023 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री गेवल कुमार पुत्र भीमसैन म.न. 95 ए ब्लॉक, पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति / उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/64 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, खाजूवाला( बीकानेर )**

राजीव सर्किल, पुलिस थाने के पास खाजूवाला, जिला बीकानेर(334023) E-mail id:Npkhajuwala@gmail.com

क्रमांक:-न.पा.खाजू./2025/287 — दिनांक:-07/05/2025

**-:लोक सूचना:-**

श्री बलराम पूनिया पुत्र श्री आदुराम व श्रीमती संतोष देवी पत्नी श्री करणाराम निवासीगण आनंदगढ द्वारा कार्यालय में क्रमशः नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक व्यवसायिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | मु.नं.82/32 | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| तहसील खाजूवाल जिला बीकानेर | 8के.जे.डी-ए खाजूवाला | किला संख्या13/5 में से0.0341है. 14/5में से0.0383है. 15/4 में से 0.0028है. | 0.0752 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम ,1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज जारी की गयी है।

( सोहनलाल )प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका खाजूवाला